डॉ॰ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्ती: आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांकः CoE/563/2023 दिनांकः 05/09/2023

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,

समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,

डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।

महोदय / महोदया,

विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षा स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रम वर्ष 2023 के प्रायोगिक / मौखिकी / आन्तरिक परीक्षाओं के अंक महाविद्यालयों के लॉगिन आई0डी0 में प्रेषित लिंक के माध्यम से ऑनलाइन अपलोड किये जाने हेतु निर्देश दिये गये थे, परन्तु कतिपय महाविद्यालयों द्वारा अद्यतन अंक अपलोड नहीं किये गये हैं। जिसके कारण परीक्षाफल घोषित किये जाने में विलम्ब हो रहा है।

अतः उक्त क्रम में पुनः अनुरोध है कि परीक्षाओं के प्रायोगिक / मौखिकी / आन्तरिक अंक दिनांक 10.09.2023 तक विश्वविद्यालय पोर्टल पर उपलब्ध अपने महाविद्यालय के लॉगिन पर अपलोड कराने का कष्ट करें, साथ ही अपलोड किये गये अंकों की प्रति परीक्षक के हस्ताक्षर सहित प्रैक्टिकल अनुभाग में जमा कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा कि स्थिति में समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय की होगी।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. प्रो0 अनिल गुप्ता, समन्वयक, प्रयोगात्मक परीक्षा।
2. उपकुलसचिव (परीक्षा / गोपनीय)।
3. अधीक्षक, कुलपति सचिवालय को माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
4. अधीक्षक, कुलसचिव कार्यालय।
5. प्रभारी, वेबसाइट को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
6. एजेन्सी 2023 को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को सम्बन्धित महाविद्यालयों की लॉगिन आई0डी0 पर अपलोड करें।
7. गार्ड फाइल।

परीक्षा नियंत्रक